नवभारत

१९३४ से

संस्थापक - स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी | मुंबई, मंगलवार, 22 अगस्त 2006 | पृष्ठ : 12, मूल्य : 3.00 रुपये

बिजली समस्या से निपटने 'विंड जनरेटर' योजना

कार्यालय संवाददाता

मुंबई, का.सं. बार-बार होने वाली बिजली कटौती से सोसायटीज को बचाने के लिए 'विंड जनरेटर' को व्यावहारिक बनाने की योजना विनायक डेवलपर्स ने शुरू की है. भारत में इसे बढ़ाने के लिए दामजी शामजी ग्रुप ने बड़े पैमाने पर योजना बनायी है.

विनायक डेवलपर्स ने ठाणे स्थित पोखरण नं. 2 के महावीर मिलेनियम के रिहायसी परियोजना में इस विंड जनरेटर को शुरू करके बिजली समस्या दूर करने का प्रयास किया है. विनायक डेवलपर्स के जयेश शाह का कहना है कि यह सस्ती, प्रदूषण रहित और आसानी से शुरू की जा सकने वाली विधा है. बिजली की बढ़ती कीमतों पर भी इसके जरिए अंकुश लगाया जा सकेगा. ग्रिड सप्लाई नेटवर्क की जरूरत के बगैर इसे कार्यान्वित किया जा सकेगा. बिजली के इस प्राकृतिक स्रोत को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है. जहां ग्रिड कनेक्शन आसानी से उपलब्ध नहीं होते, वहां इस योजना को प्रभावी बनाया जा सकता है.